Satya ka Avahan

सत्य का आवाहन

Invoking the Divine

Year 6 Issue 1 January–February 2017
Membership Postage: Rs. 100

Sannyasa Peeth, Munger, Bihar, India

Hari Om

Satya ka Avahan is a bilingual and bi-monthly magazine compiled, composed and published by the sannyasin disciples of Sri Swami Satyananda Saraswati for the benefit of all people who seek health, happiness and enlightenment. It contains the teachings of Sri Swami Sivananda, Sri Swami Satyananda and Swami Niranjanananda, along with the programs of Sannyasa Peeth.

Editor: Swami Yogamaya Saraswati

Assistant Editor: Swami Sivadhyanam Saraswati

Published by Sannyasa Peeth, c/o Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.

Printed at Thomson Press India (Ltd), Haryana

© Sannyasa Peeth 2017

Membership is held on a yearly basis. Late subscriptions include issues from January to December. Please send your requests for application and all correspondence to:

Sannyasa Peeth
Paduka Darshan
PO Ganga Darshan
Fort, Munger, 811201
Bihar, India

✉ A self-addressed, stamped envelope must be sent along with enquiries to ensure a response to your request

Front cover & plates: Pashupata Astra Yajna, Munger, 2016

SATYAM SPEAKS – सत्यम् वाणी

In every science there are dedicated souls who surrender their lives to the perfection of their science. The yogis retire into seclusion for a period of time not only to perfect themselves, but to experience their souls. These divine souls work with a higher purpose, just like the scientists who work in their labs with such total dedication to their research that they are unmindful of the rest of the world.

—Swami Satyananda Saraswati

हर क्षेत्र में ऐसे कर्मठ लोग होते हैं जो अपनी विद्या को सिद्ध करने के लिए पूरा जीवन समर्पित कर देते हैं। योगीजन एकान्तवास का सेवन न केवल स्वयं को परिष्कृत करने के लिए करते हैं, अपनी आत्मा का अनुभव पाने के लिए भी। ऐसे महापुरुष एक उच्च प्रयोजन के लिए प्रयासरत रहते हैं, उन वैज्ञानिकों की तरह जो अपनी प्रयोगशालाओं में इतने तन्मय होकर अनुसंधान करते हैं कि वे दुनिया से बेखबर हो जाते हैं।

—स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

Published and printed by Swami Shankarananda Saraswati on behalf of Sannyasa Peeth, Paduka Darshan, PO Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.
Printed at Thomson Press India (Ltd), 18/35 Milestone, Delhi Mathura Rd., Faridabad, Haryana.
Owned by Sannyasa Peeth **Editor**: Swami Yogamaya Saraswati

Satya ka Avahan
Invoking the Divine

सत्य का आवाहन

Year 6 Issue 1 • January–February 2017

न तु अहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्। कामये दुःखतप्तानां प्राणिनां आर्त्तिनाशनम्॥

"I do not desire a kingdom or heaven or even liberation. My only desire is to alleviate the misery and affliction of others."

—Rantideva

Contents

2 Adhyatma Yoga
4 एक चीज जो निश्चित है
5 साधना पथ
6 Freedom Yoga
9 Nachiketa's Three Boons
13 पंचाग्नि विद्या की परम्परा
18 The Path of Nachiketa
22 ग्रंथि भेदन
25 The Three Knots
28 Granthi Bhedan in Different Traditions
32 सहनशीलता की साधना
33 संन्यास जीवन का आधार– त्याग और तपस्या
36 Pashupata Vidya
39 सकारात्मक संकल्प
41 The Tradition Continues
45 आभार भरे उद्‌गार
47 Seek Govinda
48 उपदेश-पंचकम्

Adhyatma Yoga

Swami Sivananda Saraswati

- This world has no real, independent existence. It appears to exist, because Brahman or the Absolute exists forever.
- There is no body before its birth; there is no body after its death. Think and feel that which you see now does not really exist. That which does not exist in the beginning and end does not really exist in the middle also.
- Sensual pleasure is the womb of pain. The cause for pain is absence of pleasure. Sensual pleasure is imaginary, illusory, fleeting and tantalizing. Abandon sensual pleasure and rejoice in the Eternal Bliss of Atman.

- He who has destroyed desire is really a harmonized, peaceful and happy man.
- Slay anger and desire. Control the thoughts. Know thyself. You will enjoy Supreme, Everlasting Peace.
- Desire is insatiable. It is born of *rajas* or passion. It is born of ignorance. It is an enemy of peace, wisdom and devotion. Master first the senses and then slay this desire which abides in the senses, the mind and intellect ruthlessly, through enquiry, discrimination, dispassion, devotion and meditation.
- Anger also is born of rajas. When a desire is not gratified, anger manifests itself. Anger is a form of desire only. Slay this anger through *vichara*, discrimination, patience, love, meditation, identification with the ever-serene Atman.
- Subdue the lower self by the Higher Self. Annihilate all desires. Slay egoism. Destroy all attachments. Meditate and rest peacefully in your own Innermost Atman, which is Existence, Consciousness and Bliss Absolute.
- If you want to attain immortality, go beyond the pairs of opposites.
- Endure bravely heat and cold, pain and sorrow, loss and failure, censure and dishonour. You will attain equanimity of mind, peace and poise.
- If you are balanced in pleasure and pain, gain and loss, victory and defeat, sin will not touch you; you will not be affected by the fruits of your actions.
- Keep the senses from attraction and repulsion. Attain mastery over the senses. Discipline the senses and the mind. You will not be affected now even if you move among sense-objects.
- He who is free from desires, cravings, attachment, egoism, and mine-ness, attains the Peace of the Eternal.
- Stand up. Have mastery over the senses. Be devoted to Atman. Destroy all doubts through satsang, study, enquiry, meditation and wisdom. ■

एक चीज जो निश्चित है

स्वामी शिवानन्द सरस्वती

यहाँ एक चीज निश्चित है—सबकी मृत्यु अवश्य होगी। यहाँ एक चीज निश्चित है—युवावस्था मिट जाएगी। एक चीज यहाँ निश्चित है—आप जन्म-मृत्यु के चक्कर में फँस जायेंगे और रोगों से पीड़ित होंगे। एक चीज यहाँ निश्चित है—धन-सम्पत्ति आपको अंतिम सन्तुष्टि नहीं प्रदान कर सकती। एक चीज यहाँ निश्चित है—केवल साधना ही आपके स्वभाव को बदल सकती है, आपको दिव्य बना सकती है और ईश्वर-प्राप्ति में आपकी सहायता कर सकती है।

माया आपको विभिन्न तरीकों से प्रलोभन देती है। मछुआरा काँटे पर जब थोड़ा-सा चारा लगाता है, वह ऐसा इसलिए नहीं करता कि मछली से उसको प्रेम है। मछली खाने की इच्छा से काँटे की ओर बढ़ती है और पकड़ी जाती है। एक शिकारी जाल फैलाता है और थोड़े-से दाने फेंक देता है। पक्षियों की भूख मिटाने के प्रयोजन से नहीं, बल्कि उन्हें पकड़ने के लिए वह ऐसा करता है।

इसी प्रकार माया मनुष्य को जाल में फँसाना चाहती है। वह विषय-वस्तुओं पर थोड़ी-सी चमक, थोड़े-से सुख की परत चढ़ा देती है। विषय केवल उस व्यक्ति के लिए सुख के केन्द्र हैं जो मोहित है, जिसमें सत्य को जानने के लिए शुद्ध, सूक्ष्म बुद्धि का अभाव है। जिस प्रकार मछली काँटे में या पक्षी जाल में फँस जाता है, उसी प्रकार मनुष्य माया के जाल में फँस जाता है। वह घबरा जाता है और यह नहीं जानता कि उस जाल से कैसे निकला जाए।

बहुत कष्ट और पीड़ा सहने के पश्चात् व्यक्ति को पता चलता है कि उसे धोखा हुआ है। जिस व्यक्ति में विवेक और वैराग्य है, जो आध्यात्मिक पुस्तकों का अध्ययन करता है, जो निरन्तर प्रार्थना करता है, जो सत्संग में जाता है—केवल वही व्यक्ति संसार-सागर को पार कर ईश्वर-दर्शन कर सकता है, परमानन्द को प्राप्त कर सकता है। ईश्वर-दर्शन में अनन्त प्रकाश है। उसमें न पूर्व है न पश्चिम, न गम है न खुशी, न भूख है न प्यास। वहाँ पूर्ण खामोशी है, इन सभी दृश्यों के पीछे महान् शान्ति है। ■

साधना पथ

स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

साधना का पथ शुरू में लम्बा लगता है, किन्तु बाद में सहसा छोटा हो जाता है। साधना का पथ कठिन नहीं है। अगर कठिन भी मानो तो बतलाओ कि जीवन में सरलता कहाँ है? जीवन की जिन परिस्थितियों में हम अभ्यस्त हैं, वे कठिन होने पर भी मन को नहीं खलतीं। साधना एक नया अभ्यास है, मानव में स्थित पशु पर देवता की विजय के अभियान का पहला कदम। इसके अभ्यास में कुछ समय तो लगेगा ही। लगन और साहस के साथ तुम इस नये अभ्यास को जीवन में घुलाते-मिलाते चलो। जो गुरु से भेद पा चुके हैं, उन्हें साधना-पथ आसान लगता है। इसलिए महापुरुषों ने गुरु को योग मार्ग में अनिवार्य माना है।

साधक को अपना संकल्प याद रखना चाहिए। प्रश्न यह नहीं कि तुमने कितनी साधना की है, बल्कि यह कि संकल्प याद है या नहीं। संकल्प याद रहे और लगन बनी रहे, तो तुम्हें सिद्धि मिल ही जाएगी। अत: अपने सत्संकल्पों को दुहरा लो। गत वर्ष की प्रगति का विहंगम अवलोकन कर लो।

साधना में कभी-कभी नागे भी पड़े तो पड़ने दो। धुन नहीं छोड़ना। अनिश्चित समय में साधना करने से कभी-कभी बेहद एकाग्रता सधती है, किन्तु प्रयत्न करो कि साधना का समय पक्का हो जाए। तुम्हारे लौकिक उत्तरदायित्व जो भी हों, हुआ करें, मैं फिर से तुम्हें परम लक्ष्य की ओर सचेत करता हूँ। सभी लौकिक कर्त्तव्यों के बावजूद तुम्हें अपना जन्म-सिद्ध अधिकार पाना है और शेष समाज को मदद पहुँचानी है।

साधना में सच्चाई और आत्मसमर्पण अमूल्य निधियाँ हैं। इस मार्ग में हार मानने से काम नहीं चलता। मार्ग पर चलने वालों को थकावट तो लगेगी ही। लेकिन चलते रहने पर मंजिल मिल ही जाएगी। निरन्तर चलना ही जरूरी है। धैर्य भी जरूरी है साधना में। यदि मनुष्य अपना लक्ष्य न भूले और लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपने को पूरा समर्पित कर दे, तो सफलता अवश्य मिलती है। साधक को लक्ष्य की सुरति और उसे प्राप्त करने का मद या पागलपन होना चाहिए। ■

Freedom Yoga

Swami Satyananda Saraswati

When will we be free? Freedom is not a commodity that can be purchased politically, socially or professionally. Freedom is an understanding of ourselves in relation to others, the part in relation to the whole. We will never be free until we learn to share with others. There is always someone with less than us, no matter how little we have. There are thousands of ways to share our knowledge, abilities, facilities, experience, faith, belief, money, property, food, clothes, tools, books and ideas.

It is not by accumulating and enriching ourselves that we become free. We become free by giving what we have to others.

The different ways and forms of our sharing are the measure of our freedom, of our capacity to realize God. By God, I do not mean that Holy Father who lives up somewhere in heaven, but that divinity which resides in us and in all beings, sentient and insentient, in equal measure.

It is of no use building up anything for ourselves. All these accumulations become our bondage, our barrier. They keep us fenced off from the higher reality, the vision of totality. The more we give, the greater we become, because we learn to see ourselves in others. Their suffering becomes our suffering and their joy our joy.

A life of selfish acquisition and material satisfaction is not worth living or dying for. At the end of it, what will we have that is still ours? Nothing – no money, no possessions, no property, no house, no car, no job, no family, no relation, no friend, will ever pass out of this life with us. The only thing that will go with us on that last day will be our *karmas*, our deeds, whether positive or negative, selfish or unselfish, and nothing else.

That is why in this life it is very important to always be on the lookout for opportunities to give, to serve and to contribute something for the welfare and the betterment of another. This is the way to attain happiness, fulfilment and transcendence, not only in this life, but in the life to come. With every positive deed, we remove the shackles of ten years of negative deeds. We become brighter, younger, healthier and more vital.

What is it that makes us dull, old, sick, and oppressed? The cause is not external; it is our internal limitations that bind us to a narrow, selfish view of life. That is the cause of all our suffering. In order to remove our suffering, we must remove our limitations. We must live to help and serve others and not ourselves. We must reach beyond our immediate family, our personal needs and develop a broader identity that encompasses the entire humanity, the entire creation, and the entire cosmos. This is freedom – not any political, social or religious ideology.

I have taught only one yoga, that which leads to freedom. Please do not think that I am speaking against any yoga teacher or institution, but I feel that the present concept and direction of yoga must change. Yoga must be unified, freed of separate ideals, power struggles and narrow concepts of spiritual attainment.

Attitudes must change, barriers must come down, so that a new yoga can emerge. This will be the yoga of unity, of giving, of sharing and uplifting, as one team. As organs and parts of one body, we must work together in one connected and concerted effort to serve humanity, to share our knowledge, our gifts, our capacities, our labour, for the common good, for a better world.

When we are able to see the disease, disharmony and distress of others as our own, and begin to alleviate and remove it by our united effort, then our yoga will need only one banner. Call it freedom, call it *mukti*, call it bliss. If we are involved in any yoga for our personal development, knowledge and evolution, that yoga is not going to help us. Finally, we will have to leave it and search for another path.

The ways of the world are many, but the way to God, to spirit, to divinity, is one. Dedication to the upliftment of others, seeing others in ourselves and ourselves in others; this is the ultimate yoga. There is no other way to change our limited egocentric vision to a cosmic vision. This is the path and this is the yoga of the new millennium – call it 'freedom yoga'. ■

THOUGHTS AT THE CONCLUSION OF
PANCHAGNI SADHANA 2016

Nachiketa's Three Boons

Swami Niranjanananda Saraswati

Many thousands of years ago, there was a sage by the name of Vajashravasa. He was one of the famous sages of ancient India who had dedicated and devoted his life to the propagation of spiritual knowledge. He belonged to the Shaivite tradition and was one of the masters of the tradition. He had a family, including wife and children, and they all lived together in the gurukul, serving society. They were a very happy family.

One day, the sage decided to perform a yajna. As part of the yajna ceremonies, he was required to give alms of cows and wealth. A grand yajna was performed, and a lot of wealth was distributed and many cows were given. However, there were more people than items of alms, so the rishi said, "We have given away all the best that we had. Now, let us bring out the second-quality items." The second quality consisted of animals that were undernourished, sick, or old. Nonetheless, the second lot was brought out to be given away.

While the animals were being distributed, one of the rishi's sons, whose name was Nachiketa, felt disturbed and went to his father and asked, "Father, why are you giving the sick cows in charity?" The father did not have the time to explain what was happening, so he did not answer and continued giving. After some time Nachiketa again asked his father, "Why are you giving away the old and the sick cows?" Again his father did not answer. Nachiketa felt a bit annoyed at not receiving any reply. Now he asked, "To whom will you give me away?" His father was enraged. He said, "I will give you to Yamaraj, the god of death."

According to the story, Nachiketa went to the realm of Yamaraj, the king of death. There he spent three days and three nights waiting, as Yamaraj had gone out to collect souls from the world and was not at home. During his absence, Nachiketa just stood at his door. When Yamaraj returned, he was informed that a young brahmin boy had been standing at the gate, wanting an audience with him. Yamaraj went out to see who the boy was, and found Nachiketa standing quietly at the gate.

According to the version of this story in the *Taittiriya Brahmana*, Yamaraj asked him, "How long have you been here?" Nachiketa replied, "Three days and three nights." Yamaraj next asked, "What have you eaten and drunk during these three days?" To this Nachiketa gave a beautiful answer. He said, "I did not take any grains or food or water, but the first night, *prajam ta iti* – I partook of society. The second night, *pashu-gvam ta iti* – I partook of myself. And the third night, *sadhukrityam ta iti* – I partook of ascetic-like action." This indicates an interesting progression of thought, which is also the foundation of the panchagni sadhana.

Nachiketa is just a young boy of nine or ten years. He lives in the gurukul with his father, who is a rishi, a saint, a sage. They follow a daily routine of discipline, sadhana, worship and invocation, a discipline of life. Nachiketa is not an average boy living a conventional social life; he is a disciple of a guru.

He is the son of a master, who learns from his father all the knowledge and practices of spiritual life. Nachiketa knows the tradition, the sadhana and the lifestyle followed in the Shaivite tradition.

Now, having taught all he knew, Vajashravas told his son, "I can lead you up to a certain point with my knowledge, beyond that you need guidance from the gods." Therefore, when Nachiketa spent three nights at the door of Yama and was asked the question, "What did you eat?" and replied, "Prajam ta iti", it was not an ordinary answer. What does the word *prajam* mean here? The community, family, parents, friends, associates, all form part of one's society. The first night, Nachiketa had thought, 'What is happening to my father? I hope he is not sad for having sent me to the door of Yama. I hope people are not cursing him for giving old and infirm animals in charity. I hope people pardon him. I hope there is no grief.' All Nachiketa's thoughts on the first night were in relation to his people. They were not about himself, but about his people: parents, friends, associates, members of the family, all those who had come for the yajna. Therefore he said, "The first night I partook of society."

Then he said, "The second night I partook of myself." On the second night he started to think, 'Was I at fault? Did I say something wrong? Did I do any wrong to give grief to my parents? Did I not ask the right questions? Did my actions bring pain and suffering to my parents? Did my absence create queries in the minds of people?' Thus, on the second night his thoughts were about himself, trying to figure out the best course of action that he could have taken, trying to understand what is correct and appropriate. That is what was meant when he said, "The second night I was consuming myself, I was eating myself, I was seeing myself."

The three nights of Nachiketa represent three states of mind: the first state of mind was in relation to the society and the world of senses, the connections out there; the second was in relation to himself; the third was in relation to higher pursuits

in life. From society, to the individual, to higher pursuits, these are the three states that he experienced during these three nights.

Yama said to him, "I will give you one boon for each night. What will be your first boon?" Nachiketa said, "Let my father be happy, let him not feel that he has done anything wrong by sending me to you, let him be free of all criticism and comments from other people. There should be peace and happiness in the family, in society, in everybody who has come to participate in my father's yajna." For the first boon, his thoughts were in relation to society.

Yamaraj agreed and said, "What do you want as your second boon?" Nachiketa said, "I want to know from you the way to live the correct life, the way to think and act appropriately." Yamaraj imparted to him the relevant teaching, and said, "What do you want for your third boon?" Nachiketa said, "I want to know how to attain the imperishable state of consciousness, which goes beyond death and decay." As a result, Yamaraj taught him the panchagni sadhana. Thus another name for the fires of panchagni is *Nachiketa agni*, the fire of Nachiketa.

– 10 May 2016, Pashupata Astra Yajna, Satyam Udyan,

पंचाग्नि विद्या की परम्परा

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती

आज से यहाँ पर पंचाग्नि की पूर्णाहुति के अवसर पर पाशुपतास्त्र यज्ञ का कार्यक्रम आरम्भ हुआ है। पाशुपतास्त्र यज्ञ एक बहुत प्राचीन विधि है जिसमें भगवान शिव की शक्ति का आवाहन किया जाता है। यह एक अन्य प्राचीन परम्परा का अंग है जिसे हमलोग कहते हैं पाशुपत परम्परा। जरा सोचिए कि आदिकाल में जब कोई ऋषि, मुनि, तपस्वी या साधु नहीं थे, तब उस समय कौन-सा चिंतन, कौन-सा विचार, कौन-सा धर्म, कौन-सी परम्परा प्रचलित रही होगी? हमारे यहाँ कहा जाता है कि उस समय पाशुपत परम्परा प्रचलित थी जिसके मूल प्रचारक, शिक्षक और प्रणेता रहे हैं भगवान शिव।

इस पाशुपत परम्परा के पाँच अंग हैं। पहला है पाशुपत सम्प्रदाय। सम्प्रदाय का मतलब समूह, जैसे यह आश्रम है जहाँ लोग आते हैं, रहते हैं, सीखते हैं, जाते हैं। जहाँ पर विद्या से व्यक्ति जुड़ सके उसे कहते हैं सम्प्रदाय। दूसरा अंग है दर्शन—इस सम्प्रदाय की सोच क्या है, विचार क्या है, लक्ष्य क्या है, उद्देश्य क्या है, साधना क्या है, आचार क्या है, व्यवहार क्या है? तीसरा आयाम है पाशुपत योग। देखा जाए तो पाशुपत योग ही मूल योग रहा है, जिसमें पाँच अंग थे—स्पर्श योग, भाव योग, अभाव योग, मंत्र योग और महायोग। इन पाँच से फिर कालान्तर में हठयोग, राजयोग, कुण्डलिनी-योग, क्रियायोग आदि का विकास हुआ है। चौथा अंग था पंचाग्नि, एक साधना, एक तपस्या के रूप में और पाँचवा अंग रहा पाशुपत अस्त्र का संधान।

पाशुपत विद्या के ये पाँच अंग माने जाते हैं और इसलिये चाहे वह पंचाग्नि हो या पाशुपत अस्त्र का आवाहन, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। यही कार्यक्रम आज से यहाँ पर आरम्भ हुआ है, सबेरे से स्थापना हुई है, अब मंत्रों का पाठ आरम्भ होगा। पाशुपत अस्त्र के मंत्र बहुत प्राचीन हैं, आप सुनेंगे तो अंतर मालूम पड़ेगा। जब यहाँ पर इन मंत्रों का पाठ हो रहा है उस समय आप अपने गुरु मंत्र या पंचाक्षरी मंत्र या महामृत्युंजय मंत्र का जप पंडितों के साथ कर सकते हैं।

इतिहास के अनुसार पाशुपत अस्त्र का आवाहन कृष्ण काल में अर्जुन ने किया था, और उसके पश्चात् फिर इन मंत्रों का श्रवण इस धरती पर नहीं हुआ। महाभारत के बाद तो बहुत बड़ा विध्वंस हुआ था, इन मंत्रों को जानने या बोलने वाला था भी नहीं। तो यह विद्या, यह आराधना एक प्रकार से लुप्त हो गई थी, लेकिन हमारी पंचाग्नि साधना के दौरान पुन: इसका एक प्रकार से पुनर्जागरण हो रहा है, और हमें इस बात की प्रसन्नता है क्योंकि दोनों का आपस में गहन सम्बन्ध है जिसके बारे में थोड़ा जानना आवश्यक है।

एक समय एक ऋषि थे जिनका नाम था वाजश्रवा। ये वाजश्रवा ऋषि शिवतत्त्व के बहुत बड़े ज्ञानी और प्रचारक रहे हैं। एक समय उन्होंने एक बहुत विशाल यज्ञ का आयोजन किया और उस आराधना के दौरान उन्होंने अपनी सारी सम्पत्ति लोगों में बाँट दी। गायों का भी दान किया और जब लोग बचे रहे तो जो गायें उतनी स्वस्थ भी नहीं थीं, उनको लाया गया दान के लिये। जब इन गायों को लाया गया तो ऋषि वाजश्रवा के पुत्र ने, जिसका नाम था नचिकेता, अपने पिता से पूछा, 'आप बीमार गायें क्यों दे रहे हैं?' अब पिताजी को तो यज्ञ के दौरान समझाने का समय नहीं था और वे तो स्वयं ऋषि थे। उन्हें मालूम था कि क्या उचित है और क्या अनुचित, हमें क्या नहीं देना चाहिये और क्या देना चाहिये। उन्होंने गलत तो किया भी नहीं था, लेकिन जब बार-बार नचिकेता उनसे यही प्रश्न पूछता है, तो व्यस्तता के कारण उन्हें थोड़ा क्रोध आया। तभी नचिकेता ने बाल सुलभ रूप से पूछ दिया, 'मुझे किसको देंगे?' उन्होंने झुंझलाकर कहा, 'मैं तुम्हें यमराज को देता हूँ।'

यह है सामान्य कहानी जो प्राय: सभी जानते हैं, लेकिन तैत्तिरीय ब्राह्मण में एक और चीज बताई गई है कि जब वाजश्रवा के मुँह से ये शब्द निकल गये तो उन्हें लगा कि मैंने यह क्या कर दिया, अपने ही बच्चे को यमराज को दान में दे दिया। पर वे ऋषि थे, यह आभास भी उन्हें हो गया कि जिस विद्या का, जिस साधना का अभी शिव तत्त्व में अभाव है, वह नचिकेता यमराज से प्राप्त कर लेगा, जान पायेगा। शिव तत्त्व में किस विद्या का अभाव था? मृत्यु पर विजय कैसे प्राप्त की जाए, यह कोई नहीं जानता था और यही चीज वाजश्रवा जानना चाह रहे थे। उन्होंने नचिकेता से कहा कि जब तुम यमराज के यहाँ जाते हो और वे तुम से पूछेंगे कि तुम्हें क्या चाहिये तो तुम उनसे पूछना कि मृत्यु पर विजय प्राप्त करने का तरीका क्या है।

नचिकेता अपने पिता का आदेश मानकर चले गया यमराज के द्वार। वहाँ जब पहुँचा तो यमराज थे नहीं, वे भ्रमण के लिये निकले थे। तीन दिन तक नचिकेता यमराज के द्वार पर प्रतीक्षा करते रहा। जब यमराज आते हैं और उनको मालूम पड़ता है कि एक ब्राह्मण लड़का मेरे द्वार पर कई दिनों से भूखा-प्यासा बैठा है, तो वे उठकर जाते हैं नचिकेता के पास और उससे बातचीत शुरू करते हैं। पहले पूछते हैं कि तुम यहाँ पर कितने दिनों से हो। वह कहता है, तीन दिन और तीन रात। उन्होंने पूछा कि इन तीन दिनों में कुछ भोजन किया है। नचिकेता ने कहा, 'हाँ, किया हूँ, भूखा नहीं हूँ।' यमराज को आश्चर्य हुआ, उन्होंने पूछा, 'मेरे महल से तो मेरे नौकरों ने तुम्हें कुछ भोजन दिया नहीं, फिर तुमने खाया क्या?'

तब नचिकेता कहता है कि पहले दिन *प्रजां त इति,* जिसका मतलब होता है सामाजिक भक्षण। पहले दिन नचिकेता सोच रहा था कि मैं यहाँ आ गया हूँ, घर में क्या हो रहा होगा, पिताजी का यज्ञ हुआ है कि नहीं, पिताजी को क्या कष्ट हो रहा होगा, मेरे नहीं रहने से वहाँ पर उपस्थित लोगों के मन में क्या विचार आता होगा, वे मेरे पिता के बारे में क्या सोचते होंगे। मतलब वह अपने समाज के बारे में, परिवार के बारे में पूरा सोच रहा था।

दूसरे दिन *पशूँस्त इति,* इसका भक्षण किया। पशु व्यक्ति खुद है, यानि मैंने अपना भक्षण किया। अपने भक्षण का क्या मतलब? जो मैं हूँ उसका दूसरों के साथ क्या सम्बन्ध है? मेरा अस्तित्व आप कैसे परिभाषित करते हो? सम्बन्धों के माध्यम से। घर-परिवार में दस व्यक्ति हैं और हरेक के साथ एक सम्बन्ध है—कोई चाचा है, कोई मामा है, कोई भतीजा है, कोई पिता है, तो कोई बहन है। अपने साथ हमेशा एक सम्बन्ध का आभास होता है—मैं अपने पिता का पुत्र हूँ या मैं अपने गुरु का शिष्य हूँ और जहाँ पर अपनी पहचान होती है वह है पशुता। आत्म-निरीक्षण करते हुए मैंने स्वयं को देखा कि मैं विचलित क्यों हो रहा हूँ, मैं प्रसन्न क्यों हो रहा हूँ, मैं यहाँ क्यों आया हूँ, मेरे साथ क्या घटना घटी—ये सब चीजें अपने साथ देखीं, अपने सम्बन्धों को देखा।

फिर यमराज पूछते हैं, तीसरी रात तुमने क्या भक्षण किया? नचिकेता कहता है *साधुकृत्यां त इति*—अन्तिम रात को मैंने साधुकृत्य का भक्षण किया। साधु का मूल कर्म क्या होता है? कई लोग कह सकते हैं परहित या परोपकार, लेकिन नचिकेता के

अनुसार साधु का मूल कृत्य है त्याग। आखिर साधु क्यों बने? परोपकार करने के लिये या त्याग करने के लिये? अगर परोपकार के लिये तो साधु बनने की आवश्यकता नहीं है। परोपकार तो कोई भी आदमी कर सकता है, गधा भी करता है वजन ढोकर। साधु बने हो तो त्याग के लिये। त्याग केवल साधु करता है, संसारी नहीं। हमें अपनी आसक्ति को छोड़ना है, माया, मोह, ममता, द्वेष और घृणा को छोड़ना है। जो भी चीज तुम्हारे साथ है, उसे एक-एक करके अब छोड़ते जाओ। वही साधुता है। जब नचिकेता कहता है कि तीसरे दिन मैंने साधुकृत्य का भक्षण किया तो उसका क्या अभिप्राय

है? वह सोचने लगा कि मैंने अब तक जो भोग किया है, अब तक जो मेरे सम्बन्ध रहे हैं, उससे मुझे मिला क्या? अशान्ति मिली है, दु:ख मिला है, झगड़ा हुआ है, क्रोध हुआ है, संघर्ष हुआ है। भोग और सम्बन्ध का यही परिणाम है। मैं कैसे इनसे मुक्त हो सकता हूँ? त्याग से। इसलिए नचिकेता कहता है कि मैंने साधु कृत्य का भक्षण किया।

यमराज नचिकेता के इन तीन उत्तरों से बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा, ठीक है, तीन दिनों तक तुमने विभिन्न चीजों का भक्षण किया, अब तुम अन्न ग्रहण करो। और तुम तीन दिन जो अन्न के बिना रहे हो, उसके लिए मैं तुम्हें तीन वरदान प्रदान करता हूँ, तुम जो चाहो माँग सकते हो।

प्रजां त इति के लिये नचिकेता क्या वरदान माँगता है? यही कि समाज में कहीं भी शोक न हो। कोई भी मेरे पिता को दोष न दे, मेरे पिता अपने निर्णय से दु:खी न हों कि उन्होंने मुझे यमराज को सौंप दिया है। मतलब पिता के लिये, परिवार के लिये, समाज के लिये पहला वरदान माँगता है। किसी के मन में कोई क्लेश, चिंता या दु:ख न हो, यह पहला वरदान प्रजा के लिये है। मैंने उनके बारे में सोचकर भक्षण किया है, इसलिये पहला वरदान समाज के लिये सुख की कामना, शान्ति की कामना और समृद्धि की कामना। यही संकल्प हमारे गुरु, श्री स्वामी सत्यानन्द जी का भी रहा है, सुख, शान्ति और समृद्धि का।

यमराज ने कहा, 'तथास्तु, दूसरा वर माँगो।' नचिकेता ने कहा कि मुझे कोई ऐसा तरीका बतलाओ जिससे मैं अपने जीवन को उत्तम बना सकूँ। मेरे कर्म उत्तम हों, मेरा व्यवहार उत्तम हो, सब कुछ ठीक तरीके से कर सकूँ ताकि धर्म का उत्थान हो। तीसरे वरदान में वह कहता है कि मुझे अब उस गुप्त विद्या की शिक्षा दो जिससे संसार अभी वंचित है। यमराज पूछते हैं, 'कौन-सी गुप्त विद्या?' 'वह विद्या जिसके द्वारा मनुष्य मृत्यु पर विजय प्राप्त कर सकता है।' यमराज कहते हैं, 'देखो, वह विद्या संसार में है ही नहीं क्योंकि संसार में अमरत्व का कोई स्थान नहीं है। जब तक संसार मैं द्वैत है, परिवर्तन है, जन्म और मृत्यु निश्चित हैं। इसलिये तुम कुछ और माँगो।' नचिकेता कहता है, 'नहीं, मुझे इसी का ज्ञान चाहिये।' यमराज के साथ उसका वाद-विवाद होता है और अन्त में यमराज उसे जो शिक्षा देते हैं उससे मनुष्य मृत्यु को समझ पाता है, मृत्यु से भयभीत नहीं होता और मृत्यु को जीवन के अगले पड़ाव के रूप में देखता है। तीसरे वरदान में यमराज ने नचिकेता को मृत्यु पर विजय प्राप्त करने का जो तरीका बतलाया वह थी पंचाग्नि विद्या। उसके बाद से फिर पंचाग्नि की विद्या इस मृत्युलोक में एक साधना के रूप में प्रतिष्ठित होती है। इसके पूर्व पंचाग्नि विद्या साधना के रूप में प्रतिष्ठित नहीं थी। केवल शिक्षा थी जिसे देवता या सिद्ध लोग ही जानते थे, समझते थे और करते थे। लेकिन नचिकेता के पश्चात् यह समाज में एक साधना के रूप में प्रतिष्ठित हुई।

– 10 एवं 11 मई 2016, पाशुपतास्त्र यज्ञ, सत्यम् उद्यान

The Path of Nachiketa

Swami Niranjanananda Saraswati

We were talking about the story of Nachiketa. He spent three nights at the gate of the kingdom of death, and when Yamaraj, the lord of death, was informed that a young boy was waiting at the gate to enter his kingdom, he went to see Nachiketa and asked him, "How long have you been here waiting to enter?" Nachiketa replied, "Three days and three nights." Yamaraj said, "You have been waiting here for three days and nights without food and water. How have you survived?" Nachiketa said, "I have consumed. I have partaken of certain things which have filled me up." Yamaraj asked him, "What did you partake of the first night?" Nachiketa answered, "*Prajam*

ta iti – I partook of society. I took bites from society." "On the second night, what did you eat?" He said, "I took a bite of the animal." "And on the third night, what did you eat?" Nachiketa said, "I took a bite of the actions of a sadhu."

These are clever answers. The first answer, 'Prajam ta iti', indicates that although being an individual, the human being is part and parcel of the human society. The destiny that each one lives is individual, yet the ideas that are imposed on every individual are a reflection of society. Anything that you live in your life is a gift to you by society; it is bhoga. What was the society of Nachiketa that he was thinking of? His society included those involved in his father's work, the people to whom alms were given, the people who were grieving for him, and so on. In his mind, he saw this society all around and its reactions: some experiencing grief at his absence, some angry to receive old cows in charity, some disappointed, some agitated. He saw all that as *bhoga*, something that you receive and consume. He was able to observe and witness the entire social environment and yet be separate from it.

Nachiketa's second answer was: "*Pashu-gvam ta iti* – I partook of the animal." The animal is 'me', the individual. An animal recognizes *sambandh*, relationships. In understanding this animal, one has to ask, "Where is my sambandh?" Your connections and relationships are with your father, mother, family, friends, and a few other people in society. What has been achieved through your connections? Have you achieved the satisfaction, fulfilment, happiness, enjoyment and wholesomeness that you crave in life through your connections? Or have you only received expectations, demands and criticism? If so, there must be something wrong in your relationships and connections. Nachiketa was observing all this. He was observing the animal, the 'me and my connections'.

Nachiketa's third answer was: "*Sadhukrityam ta iti* – I ate the actions of the sadhu." What is the main action or focus of a sadhu? Many people will say *paropakara,* helping others. That is a limited understanding. Any good person can help another

person. You don't need to be a sadhu for that. Even a donkey helps by carrying the load of others. Doing good work is not the ultimate action of a sadhu. The ultimate as well as the first action of a sadhu is renunciation.

When you become a sadhu, then the main idea is to renounce, *tyaga*. You become a sadhu with the idea that you will renounce your family, friends, society, your ego identity, hatred, jealousy, greed, happiness, and remain free from the grip of pain and suffering. Therefore, for a sadhu, the main action is letting go. Helping others is a personal choice, but the principle a sadhu has to live by is letting go. On the third night, this was the idea Nachiketa dwelled upon. He partook of *sadhukrityam,* renouncing, letting go.

Nachiketa gave beautiful answers about himself and what he was experiencing. If you analyze the three states of mind that Nachiketa went through, the first day he experienced the world and the chatter of the world. On the second day, he experienced himself and his connection to the world. On the third day, he began to release his associations and attachments to the world and became free. Hearing his answers, Yamaraj said, "I am pleased with you. I will give you three boons. Ask."

For the first boon, Nachiketa said, "Let there be peace in society. Let nobody have any grief or frustration or irritation or anger. Let peace prevail. *Sarvesham swastirbhavatu, sarvesham shantirbhavatu, sarvesham poornam bhavatu, sarvesham mangalam bhavatu*." The god of death said, "Granted. Your father is happy; he is not grieving any more. Your family is content; they are not missing you any more. Your friends are happy; they are not disturbing anything any more. Your society is content; there is no complaint against anybody any more. There is peace and harmony prevailing in your society."

For the second boon, Nachiketa said, "Teach me how to do the right thing at the right time, the correct thing in the correct manner. Tell me ways to improve myself, so I am more useful in doing good work and not a barrier." To that also Yamaraj said, "Granted. Your life will be full of goodness."

For the third boon, Nachiketa said to Yamaraj, "Tell me how I can overcome death." Yamaraj said, "Sorry. Not possible. In this material world death is inevitable and there is no way that you can avoid death, no matter who you are. In this world of duality nobody can escape death, not even God. If He were to come into this world, even God would have to die at the end of His or Her life." Nachiketa said, "I don't agree with you. I think there is something more permanent and constant than this fleeting awareness and momentary life in the span of eternity." Yamaraj said, "Yes, there is. However, that is not a path everybody can tread." Nachiketa said, "I am willing to tread that path. I want to know this *vidya*, this knowledge, this system, this way. Whether everybody is able to do it or not does not matter. The way exists and I want to learn it." Yamaraj relented and said, "Okay, I will teach you the way." He then gave Nachiketa the knowledge of *panchagni*, the five fires, and therefore these five fires came to be known as *Nachiketa agni*, the fire of Nachiketa.

The knowledge of the five fires represents the death of the lower nature of the individual, so that a new birth can take place. This new birth is in jnana, in vidya. The five fires represent the five chains that hold you down to this plane: *kama*, passion; *krodha*, anger; *moha*, infatuation; *mada*, arrogance; and *lobha*, greed. These are the five lower tendencies that keep you grounded to this dimension. The moment you transcend them, your mind becomes universal. The mind becoming universal is the attainment of immortality. It is awakening in the spiritual dimension, not death. It may be death of the material dimension, yet the consciousness remains constant and the same in that transcendental state. That is the state of identifying with the permanent tattwa of existence in the divine transcendental realm and overcoming the lower tendencies that are the catalysts for decay and death.

This is the story of Nachiketa and the beginning of panchagni.

– 11 May 2016, Pashupata Astra Yajna, Satyam Udyan

ग्रंथि भेदन

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती

सभी आध्यात्मिक परम्पराओं में उपलब्धि का जो मूल आधार है उसमें मन की शान्ति प्रथम है। जब तक मन शान्त नहीं होता, एकाग्र नहीं होता, तब तक कुछ संभव नहीं होता। साधना और संसार में सफलता के लिये अपने मन को साधे रखना बहुत आवश्यक है, और जो बात नचिकेता ने यमराज से कही थी, उसमें यही दिखलाई देता है कि वह अपने मन को, अपने आपको साधने की बात कर रहा था। जो कुछ भी हमारे व्यवहार, विचार, कर्म और जीवन को प्रभावित करे, परिवर्तित करे और अपने अनुरूप ढाले, वह बंधन कहलाता है जिसे हमलोग योग की भाषा में कहते हैं ग्रंथि।

कुछ चीजें मन में संकीर्णता लाती हैं और कुछ संकीर्णता से मुक्त करने के लिये होती हैं। नकारात्मक गुण मनुष्य को संकीर्णता का अनुभव दिलाते हैं जबकि सकारात्मक गुण मनुष्य को व्यापकता का अनुभव दिलाते हैं। नकारात्मक गुण मनुष्य की चेतना, मन, बुद्धि और सोच को छोटा कर देते हैं। किसी से घृणा, द्वेष, ईर्ष्या या क्रोध हो जाए तो उस व्यक्ति के बारे में हमारा सोच-विचार बहुत सीमित और संकीर्ण हो जाता है। जीवन में जो भी नकारात्मक तत्त्व हैं, वे मनुष्य को सीमित और संकीर्ण बनाते हैं। ऐसे में मन को कैसे संभाला जाए?

मन को संभालने का जो तरीका हमारे अध्यात्म-शास्त्रों में बताया गया है वह यही कि अपने मन को सकारात्मक रखो। मतलब मन को सीमित और संकीर्ण मत होने दो। जब तक मन सीमित और संकीर्ण नहीं है, तुम योगी हो। लेकिन जिस दिन तुम्हारा मन सीमित और संकीर्ण हो जायेगा तुम भोगी बन जाओगे। भोग या सम्बन्धों के कारण जो परिस्थितियाँ उत्पन्न होती हैं वे हमारे जीवन में ग्रंथि बनती हैं, गाँठ बन जाती हैं। वही हमारे स्वभाव का निर्माण करती हैं।

योग में ग्रंथियों को तीन रूपों में समझाया गया है—ब्रह्मग्रंथि, विष्णुग्रंथि और रुद्रग्रंथि। ब्रह्मग्रंथि मनुष्य की चेतना को, बुद्धि को भौतिक बनाकर रखती है। आध्यात्मिकता के बजाय भौतिकता को प्राथमिकता दी जाती है। ब्रह्मग्रंथि का सम्बन्ध है भोग के साथ। मनुष्य के जीवन में जो कामना या वासना होती है, चाहे वह धन-सम्पत्ति की हो, चाहे पति-पत्नी की हो, चाहे किसी भी प्रकार के भोग की हो, वे सब ब्रह्मग्रंथि द्वारा संचालित होती हैं। यह है ब्रह्मग्रंथि का क्षेत्र।

विष्णुग्रंथि दूसरी ग्रंथि है जहाँ पर भोग नहीं, सम्बन्ध है। मैं आपसे कैसे सम्बन्धित हूँ? आप मेरी माता हैं, आप मेरे पिता हैं, यह मेरा भाई है, वह मेरी बहन है—मतलब एक सम्बन्ध है जो दो व्यक्तियों का साथ लाता है। मैं अपने आपको एक मनुष्य के रूप में जो देखता हूँ, वास्तव में एक सम्बन्ध को देखता हूँ और सम्बन्धों का क्षेत्र है विष्णुग्रंथि।

तीसरी ग्रंथि है रुद्रग्रंथि जिसका साधु कृत्य के साथ, परिवर्तन के साथ सम्बन्ध है। शिवजी का एक नाम है महाकाल। काल परिवर्तन का द्योतक है। परिवर्तन से समय की गति का आभास होता है। अगर परिवर्तन न हो तो समय थम जाता है। इसलिए ब्रह्माण्डीय स्तर पर शिव तत्त्व को महाकाल कहा गया है। महाकाल मतलब जो परिवर्तन को बतलाता है, एक को तोड़कर दूसरे का निर्माण करता है, एक का संहार करके दूसरे का सृजन करता है। रुद्रग्रंथि का स्थान है भ्रूमध्य में, जिसके खुलने पर व्यक्ति विशेष के अनुभव समाप्त हो जाते हैं और ब्रह्माण्डीय अनुभवों को मनुष्य समझ पाता है।

इन ग्रंथियों को हमारी परम्परा ने अनेक रूपों में देखा और समझाने का प्रयास किया है। पुराणों में त्रिपुर की कहानी आती है। एक समय राक्षसों ने तीन हवाई नगर बनाये जिनमें पहला था सोने का, दूसरा था चाँदी का और तीसरा था लोहे का। ये तीन पुर हमेशा पृथ्वी का चक्कर काटते रहते थे और कभी भी एक सीध में नहीं आते थे। ऊपर रहकर धरती पर विध्वंस करते थे। तब देवता लोग शिवजी के पास गए और कहा कि त्रिपुर के दानवों ने बहुत बड़ा उत्पात मचाया है, उन्हें खत्म करना है। शिवजी ने कहा, 'हाँ, हम तुम्हारी सहायता करेंगे, लेकिन तुम लोग पहले पशु बनो।' सब देवता पशु बने, शिवजी सबको लगाम लगाकर स्वयं पशुपति बने और उसके बाद फिर अपना धनुष उठाया, बाण का संधान किया और प्रतीक्षा करने लगे जब तक तीनों पुर घूमते-घूमते एक साथ दिखलाई नहीं दें। हजारों वर्षों में एक ही बार ऐसा मुहूर्त आता था जब तीनों एक सीध में होते थे। वही एक समय था जब शक्तिशाली अस्त्र द्वारा इन पुरों को एक साथ भेदा जा सकता था, समाप्त किया जा सकता था। शिवजी ने प्रतीक्षा की और जब देखा कि मुहूर्त आ रहा है और तीनों पुर एक सीध में आ गए हैं, तब जाकर अपना बाण छोड़ा। वह बाण तीनों पुरों को भेदता हुआ फिर उनके पास वापस आ गया और वही है पाशुपतास्त्र।

पुराणों में बतलाया गया है कि त्रिपुर वास्तव में ग्रंथियों का प्रतीक है। लोहे का पुर ब्रह्मग्रंथि है, चाँदी का पुर विष्णुग्रंथि है और सोने का पुर है रुद्रग्रंथि। ये तीन ग्रंथियाँ हमारे जीवन को धरातल में, भौतिकता में बाँधे रखती हैं। ये उस अनुभव में बाधाएँ हैं जिसमें हमें मालूम पड़ जायेगा कि हम उस परमतत्त्व के ही अंश हैं। जब तक ये ग्रंथियाँ साफ नहीं होतीं, सब चीजें दर्शन के स्तर पर रहती हैं, पर एक बार ग्रंथियाँ साफ हो जाती हैं तो दर्शन व्यक्तिगत अनुभव में बदल जाता है।

सभी आध्यात्मिक परम्पराओं और प्रणालियों में बतलाया जाता है कि ग्रंथि-भेदन कैसे हो। हठयोग में अपने तरीके से बतलाया गया है कि प्राणायाम द्वारा, बंधों द्वारा और कुंभक द्वारा ग्रंथि-भेदन किया जाता है। राजयोग कहता है कि यम और नियम के अभ्यास द्वारा अपने मन को परिवर्तित करते हुए ग्रंथि-भेदन संभव है। ज्ञानयोग कहता है कि विवेक और वैराग्य के द्वारा ग्रंथि-भेदन संभव है। इस प्रकार योग के सभी मार्गों में इन तीन ग्रंथियों को भेदने के तरीके निश्चित किये गये हैं। ये अलग-अलग तरीके

अलग-अलग लोगों के लिये काम में आते हैं। हमारा तरीका आपके लिये नहीं होगा और आपका तरीका किसी दूसरे के लिये नहीं होगा। हठयोगी, हठयोग के मार्ग से ग्रंथि-भेदन करेगा; राजयोगी, राजयोग से ग्रंथि-भेदन करेगा और कुण्डलिनीयोगी, कुण्डलिनी योग से ग्रंथि-भेदन करेगा। चाहे कोई किसी भी सम्प्रदाय या साधनामार्ग का अभ्यासी रहे, उसे इसी मार्ग से गुजरना है जहाँ पर इन तीन ग्रंथियों का भेदन कर सके और उसके पश्चात् अनन्तता की ओर आगे बढ़ सके।

इस पाशुपतास्त्र यज्ञ का यही प्रयोजन है कि हमारे जीवन की ये गाँठें दूर हो जाएँ, हमारी संकीर्णता दूर हो जाए और हम उस आध्यात्मिक यात्रा को आरम्भ कर सकें जो हमारे जीवन का लक्ष्य है। थोड़ी देर में पाशुपतास्त्र का मंत्रपाठ आरम्भ होगा। जब आप पाठ सुनते हैं तो अपने मन में कल्पना कीजिये कि मूलाधार में एक गाँठ है, ब्रह्मग्रंथि। फिर मणिपुर और अनाहत के बीच दूसरी ग्रंथि है, विष्णुग्रंथि और भ्रूमध्य पर तीसरी ग्रंथि है, रुद्रग्रंथि। ये सब ज्योति रूप में, प्रकाशपुंज के रूप में हमारे शरीर में विद्यमान हैं। अभी इनका भेदन नहीं, केवल देखने का प्रयास कीजिये। अभी केवल अनुभव को जगाने का प्रयास कीजिये, अपने भीतर इन ग्रंथियों का साक्षी बनिये।

– 12 मई 2016, पाशुपतास्त्र यज्ञ, सत्यम् उद्यान

The Three Knots

Swami Niranjanananda Saraswati

One of the purposes of the panchagni sadhana is to break through the *granthis*, psychic knots. Society, individuality and maya – these three create knots in the life of every individual. Knots created by society are related to enjoyment: the cravings, the desires, the need for satisfaction and happiness. That is *Brahma granthi*, the knot of bhoga. The second knot is related to the individual's self-perception, self-image, self-esteem, self-projection and self-assertiveness, which define one's connections. That is *Vishnu granthi*, which sustains 'me' and gives 'me' its identity. The third is *Rudra granthi*, which is in relation to leaving and attaining – leaving the old, attaining the new; leaving the bad, attaining the good.

Nachiketa realized this when he gave his answers to Yamaraj. He said, "First, I partook of the society," representing the bhoga in life, the Brahma granthi. One's interactions in

society with family, friends, relatives, near ones and far ones, they all represent bhoga. What everyone is searching for with their connections is support, encouragement, satisfaction and push from others. It is bhoga that everyone is looking for.

The second state of mind Nachiketa experienced was self-awareness, the Vishnu granthi. The third was renunciation, the Rudra granthi. In this third state of mind he was letting go of all that could bind and hold him in the realm of maya, in order to experience the unlimited aspect of himself. These three states of mind of Nachiketa represent, according to the yogic system of thought, the concept of the granthis: Brahma granthi, Vishnu granthi and Rudra granthi.

